

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 19 ▪▪ अंक : 218 ▪▪ 30 सितम्बर 2023 ▪▪ मूल्य : 30/-प्रति





# रातानाड़ा जोधपुर कृष्ण मन्दिर में

## खड़ी सप्ताह व भव्य शोभा यात्रा की झलकियां

























## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

### संपादक की कलम से...

# समाज संगठन में पत्रिका का योगदान


**मनीष गहलोत**
संपादक

हिंदु संस्कृति अत्यन्त विलक्षण है। हिन्दु संस्कृति में चार वर्ण है। प्रत्येक वर्ण में कई जाति समाज है। प्रत्येक समाज के निर्माता क्रान्तदर्शी ऋषि मुनि हुए है, जिन्होंने जाति समाज के अनुसार सभी को मर्यादित एवं सुसंस्कृत करने का संदेश दिया है। परंतु जो मनुष्य समाज की विधि को छोड़क अपनी इच्छा अनुसार मनमाना आचरण करता है वह न सिद्धि को, न सुखशान्ति को और न परमगति को ही प्राप्त करता है। ऐसा गीता में वर्णन है।

वर्तमान समय में उचित शिक्षा, वातावरण आदि का अभाव होने से, महात्मा फूले के आदर्शो के अनुसार क्या करना चाहिये और क्या नहीं करना चाहिये ? इसे कुछ नई पीढ़ी के लोग जानते भी नहीं और जानना भी नहीं चाहते। जो बुजुर्ग एवं वरिष्ठ समाजजन उन्हें सामाजिक आचार-विचार, व्यवहार बताते है तो उनकी बात न मानकर अपना अस्तित्व अलग बनाकर समाज को कमजोर और छोटे आकार का बनना चाहते है। ऐसा मनमाना आचरण करने से समाज में विघटन की स्थिति पैदा होती है और रिश्तेदारियों में भी तनाव व मनमुटाव पैदा हो रहा है जिससे समाज कमजोर होता है, जो कभी विकास के पथ पर आगे नहीं बढ़ पाता।

माली सैनी संदेश पत्रिका समाज की नव चेतना का आधार है। संपूर्ण समाज को एक सूत्र में पिरोने वाली यह पत्रिका मानस पटल को गौरवान्वित एवं मार्ग प्रशस्त करने वाली सफलता पूर्वक अपने प्रकाशन से समाज को एक नई दिशा एवं नये आयाम एवं विचार विमर्श प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

समाज के सभी वर्गो के सहयोग से पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। समाज के अनेकों संस्थाओं द्वारा समय समय पर समाज हितार्थ कार्य किये जा रहे है। समाज में राजनिति के क्षेत्र में भी जागरूकता आई है लेकिन हमारी जनसंख्या के अनुरूप यह बहुत कम है। कुछ स्वार्थी समाज पदाधिकारियों के कारण समाज में एकजुटता नहीं हो पा रही है हमारा प्रयास जनजागरण से समाज में एकजुटता लाना है तथा समाज को नई उंचाईयों तक पहुंचाना है। यह तभी सफल होगा जब हम सब मिलकर इस और कार्य करें।समाज को नवस्वरूप प्रदान करने में, जन-जन तक पत्रिका को पहुंचाने के लिए पत्रिका परिवार लगा हुआ है। वर्तमान समय में समाज की राष्ट्रीय धरोहर पत्रिका बनकर हमारे समाज का प्रतिनिधित्व कर रही है।

समाज की विभिन्न गतिविधियां सामुहिक विवाह, समाज उत्थान, युवक-युवति परिचय सम्मेलन, कैरियर कांउसिलिग सेमिनार, शिक्षा संबधी नवीन जानकारियाँ जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व निभा रही हैं । इसके साथ ही एक सामज एक कार्ड योजना के तहत समाज के मास्टर डेटा बेस हेतु प्रिविलेज कार्ड योजना के माध्यम से देश विदेश में बसें करोड़ों समाज बंधुओं को परस्पर सामाजिक, सांस्कृति, राजनीतिक, व्यवसायिक रूप से जोड़ने का कार्य भी हमारे द्वारा किया जा रहा है।

माली सैनी संदेश समाज को पुष्ट करने के लिए एक मजबूत संगठन बनाने की प्रेरणा, उसे आगे बढ़ने की भावना एवं समाजहित में रचनात्मक कार्य करने की सजगता आत्म विश्वास, एक दूसरे के प्रति प्रेम, समर्पण व एक सूत्र में पिराने का कार्य कर रही है और इसे विज्ञान के युग में माली सैनी समाज की प्रथम ई-पत्रिका का भी गौरव हमें प्राप्त हुआ है। जिसके लिए हम आपके आभारी है।

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।**
**समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार**
**विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# माली समाज को समाज में भागीदारी देने की मांग

## सांचौर में महाकुंभ का आयोजन, पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे लोग

**सांचौर।** सांचौर शहर के माली समाज धर्मशाला में चल रहे स्वामी चेतनगिरी महाराज के चातुर्मास के समापन महोत्सव पर रविवार को माली समाज सांचौर चितलवाना का महाकुंभ पीडब्ल्यूडी रोड़ स्थित समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया। सांचौर में इस महाकुंभ में माली समाज के हजारों की संख्या में माली समाज बंधु पारम्परिक वेशभूषा में पहुंचे।



सांचौर जिले में पहली बार आयोजित हो रहे महाकुंभ को लेकर माली समाज के युवाओं व बुजुर्गों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उषा माली शिवगंज ने कहा की दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में समाज को भागीदारी मिलनी चाहिए और ये संगठित रहेंगे तो ही संभव है।

अमराराम माली ने कहा कि समाज की एकता ही हमारी ताकत है और समाज के लिए जो करना पड़े वो करने को तैयार हैं, लेकिन एकता जरूरी है। माली समाज दोनों पार्टियों को वोट देते हैं लेकिन वो वोट कोई काम नहीं आता है। इसलिए आने वाले चुनावों में हमे एकता दिखानी होगी, तभी हमारे समाज को मान सम्मान मिलेगा।

भगवानाराम माली ने कहा की अब माली समाज जाग चुका है। अगर आने वाले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनावों में माली समाज को भागीदारी नहीं मिली तो सरकार बनाना मुश्किल होगा। जालोर सिरोही में माली समाज के 2 लाख से ज्यादा वोट हैं, हमे एक टिकट दिया जाए। हमे सता और सगठन में भागीदारी दी जाएं।

**यह रहे मौजूद :** चेतनगिरी महाराज, गोरखपुरी महाराज, मोहनराम महाराज, शंकरनाथ महाराज, सेवानिवृत्त जज भलाराम परमार, पूर्व शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार सोलंकी, भीनमाल माली समाज अध्यक्ष भारताराम सुन्देशा, रानीवाड़ा माली समाज रुपाराम गहलोत, थराद प्रधान दानाभाई सुन्देशा, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन बालोतरा, महेश भाई बी चौहान, बाबुलाल परिहार सहित कई लोग मौजूद रहे।





# सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर किया जनसम्पर्क दिया न्यौता

**कुचामनसिटी।** सैनी माली विकास संस्थान डीडवाना द्वारा आयोज्य तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के सम्बन्ध में रविवार को जनसम्पर्क किया गया। कार्यक्रम में सम्बन्ध में डीडवाना से सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति से पदाधिकारी कुचामन आए। स्थानीय माली समाज द्वारा सभी पदाधिकारी का स्वागत किया। इस अवसर पर सम्मेलन के सम्बन्ध में सकारात्मक चर्चा हुई तथा सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। स्थानीय माली समाज ने विश्वास दिलाया कि वे तन- मन और धन से पूर्णत: आयोजकों के साथ है। इस दौरान सामुहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष रामगोपाल तुनवाल, संयोजक डॉ. गणेश सैनी, जिलाध्यक्ष मुकेश सैनी, डडवाना तहसील अध्यक्ष प्रवीण सैनी, कुचामन तहसील इकाई अध्यक्ष मीठूलाल माली, संरक्षक खेताराम सिंगोदिया, नगर अध्यक्ष जगदीश सैनी, श्यामसुंदर सैनी, परमेश्वर सैनी, महावीर सैनी बूड़सू, दीपक सैनी, मुकेश सैनी, महेंद्र कुमार सैनी, बजरंग सैनी, नवरत्न सैनी, दिनेश सैनी, दीपक टाक सहित बड़ी संख्या में समाज के बंधु मौजूद थे।

मारोठ कस्बे के बालाजी मंदिर में सैनी माली विकास संस्थान डीडवाना के पदाधिकारी ने मारोठ माली सैनी समाज के पदाधिकारी से मिलकर तीसरे सामूहिक सैनी माली समाज विवाह सम्मेलन पर चर्चा की और 23 नवंबर को डीडवाना में आहूत माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में आने का न्योता दिया। साथ ही कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। इस दौरान सैनी माली विकास संस्थान डीडवाना के डॉ. गणेश सैनी संयोजक, रामगोपाल तुंदवाल अध्यक्ष, मुकेश तंवर जिला अध्यक्ष डीडवाना, प्रवीण कुमार टांक तहसील अध्यक्ष डीडवाना ने बताया कि विवाह पंजीयन की तिथि 5 अगस्त से 15 अक्टूबर रखी गई है।

**नावांसिटी।** सामूहिक विवाह समिति डीडवाना के तत्वावधान में डीडवाना में होने वाले तीसरे सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को विवाह समिति के पदाधिकारी नावां आये व माली सैनी समाज के लोगों को विवाह सम्मेलन में भाग लेने का न्यौता दिया। इस अवसर पर डीडवाना अध्यक्ष रामगोपाल तुनवाल, संयोजक डॉक्टर गणेश सैनी, महामंत्री विजय कुमार टाक, सैनी विकास संस्थान जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार तंवर, डीडवाना तहसील अध्यक्ष प्रवीण कुमार सैनी, सचिव दिनेश गहलोत, उपाध्यक्ष बोदूराम टाक, रामस्वरूप सोलंकी, ओमप्रकाश चौहान आये, जिनका माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया व सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर चर्चा की गयी। इस अवसर पर नावां समाज से अध्यक्ष बृजमोहन मारोठिया, गणेश तंवर, श्रीराम तंवर, तनसुख सैनी, कालूराम माली, कैलाशचंद माली. जीवणराम गहलोत, गुलाब तूंदवाल, अमरचंद सैनी, अशोक सैनी, नितेश सैनी, कुशाल तंवर, चेतन सैनी आदि मौजूद रहे।







# माली समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं बढ़ावा देने का आव्हान



माली समाज अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा और कुचेरा माली समाज अध्यक्ष कृपाराम गहलोत रविवार को जिले कुचामन, बोरावर, बूडसू, मकराना आदि कस्बों के दौरे पर रहे। कुचामन सिटी में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत की। वृन्दावन गार्डन बुड़सू रोड़ कुचामन सिटी में महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान इकाई कुचामन सिटी के सैनी माली समाज के तत्वावधान में 5 तहसील स्तरीय द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 आयोजन हुआ। इस अवसर पर देवड़ा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समाज में शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने समाज बंधुओं से आग्रह किया कि अपनी बहन बेटियों को अच्छी शिक्षा दें, ताकि समाज में रिश्ते टूटे नहीं। वर्तमान में मोबाइल सभी घरों में कलेह का मूल कारण बनता जा रहा है, इसको सीमित करना चाहिए। माली समाज की ओर से आगामी फरवरी माह में नागौर में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की जानकारी दी। देवड़ा व गेहलोत का सभी जगह सम्मान करके स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज की पुण्य तिथि (बरसी)

## आसोज वदी 6, बुधवार, दिनांक 04 अक्टूबर 2023

आत्मीय बंधुवर। सादर नमस्कार।

संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज की पुण्य तिथि (बरसी) पर आप सादर आमन्त्रित है।

## कार्यक्रम की रूपरेखा

## दिनांक 03.10.2023 जोधपुर से नागौर

### संत श्री शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज अमरपुरा धाम के लिए

नि:शुल्क पत्थर भेंट, ट्रक युनियन जोधपुर एवं खान मालिक ट्रकों द्वारा

सुबह 11.30 बजे कड़वड़ थाने के सामने ट्रक समुह को महंत 1008 डॉ. रामप्रसाद जी रामस्नेही महाराज, बड़ा रामद्वारा, सूरसागर श्रीमान् राजेन्द्र जी गहलोत ( राज्य सभा सांसद ), श्रीमान् राजेन्द्रसिंह जी सोलंकी ( अध्यक्ष पशुधन बोर्ड, राज. ) तथा श्रीमान् सुनील जी परिहार ( डायरेक्टर रिक्को ), नरेन्द्रसिंह जी कच्छवाहा ( CA ) द्वारा ट्रक समूह को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे।

आगे ट्रक समूह का बावड़ी, सोयला, खींवसर में स्थानीय लोग बड़ी धूम-धाम से स्वागत व नाश्ता - पानी की सेवा देंगे।

नागौर बाईपास पर विश्व स्तरीय गौ-चिकित्सालय की तरफ से पुष्प वर्षा व स्वागत गौशाला सदस्यों द्वारा होगा।

तत्पश्चात् अमरपुरा धाम में महामण्डलेश्वर स्वामी श्री कुशालगिरीजी महाराज के द्वारा स्वागत सम्मान होगा।

रात्रि जागरण : भजन गायक चिंटू दाधीच एण्ड पार्टी जोधपुर द्वारा होगा ।

मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रक मालिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया जायेगा।

## दिनांक 04 अक्टूबर 2023

सुबह 10 बजे जन प्रतिनिधि, पत्रकार व भुमिदान भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन रहेगा।

सुबह 11 बजे से भोजन प्रसादी

सुबह 10 बजे से 4 बजे तक आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर जिसमें डॉ. नरेन्द्र पंवार, डॉ. पंकज पोटलिया आयुर्वेद जनरल सर्जन, डॉ. हेमलता सांखला, डॉ. उमा टाक, श्री महेन्द्र राठी आयुर्वेद कंपाउडर, श्री सुनील लखारा आयुर्वेद कंपाउडर जिसमें नि:शुल्क परामर्श व चिकित्सा, अनुभवी डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जायेगा।

सुबह 10 से 4 बजे तक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर जिसमें डॉ. सत्यप्रकाश सांखला योग, प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा डॉ. अभिषेक गहलोत ( फिजियोथैरेपिस्ट एवं नेचुरोपैथिस्ट ) भी इस कार्यक्रम में नि:शुल्क परामर्श एवं सेवा देंगे।

सायं 7.15 बजे महाआरती, रात्रि 8.30 बजे से सत्संग

**भोजनप्रसादी के लाभार्थी : सोलंकी ( सिटवा ) परिवार, बास हीलासर, ताऊसर, नागौर**

**निवेदन है कि आप अपने मित्रों को, व्हाट्सएप्प एवं फेसबुक पर शेयर करें**

रजि. नं. 87/नागौर/2010-11 | : निवेदक : | आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 जी के अन्तर्गत छूट

## संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान (रजि.)

अमरपुरा धाम, जिला-नागौर ( राज. )

| राजेन्द्र गहलोत | मोतीलाल सांखला | राधाकिशन तँवर | हरिश चन्द्र देवड़ा | कमल किशोर भाटी |
|---|---|---|---|---|
| ( राज्य सभा सांसद ) अध्यक्ष | उपाध्यक्ष 9414398700 | महासचिव 9414630777, 7073718553 | सहसचिव | कोषाध्यक्ष 9414118175 |

## शिक्षा अर्जन से ही निकलेगी नए अवसरों की राह

# माली सैनी समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं - राजेन्द्र गहलोत

### 8वां प्रतिभावान, मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह माली समाज से राजनैतिक जागृति का आव्हान






अजमेर। माली सैनी संस्थान की ओर से 8वां प्रतिभावान, मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह रविवार को नयाघर गुलाबबाडी स्थित आनंद पैलेस में भामाशाह त्रिलोकचंद इंदौरा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस मौके पर 110 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने लिखमीदास महाराज और भारत माता के जयकारे लगवाए। उन्होंने कहा कि समाज की उभरती प्रतिभाओं के बीच जाने का अवसर मिलता है, तो गर्व महसूस होता है। महात्मा ज्योतिबा फुले जैसे महापुरुषों और संत लिखमीदास महाराज ने बडी ही विकट और विपरीत परिस्थितियों के बीच समाज में जागृति लाने के लिए शिक्षा की अलख जगाई थी। उन्हें पता था कि समाज को आगे बढाने, पिछडों व दलितों के उत्थान का मार्ग शिक्षा से होकर निकलेगा। समाज शिक्षित और आर्थिक रूप से मजबूत होगा तो मजबूरी और पिछडेपन से स्वत: मुक्ति मिल जाएगी। वर्तमान में प्रतिभाओं का सम्मान करना भी ऐसे महापुरुषों के काम को आगे बढाने वाले के समान ही है। वर्तमान पीढी शिक्षा के महत्व को हल्के में ना लें, भावी पीढी को भी शिक्षा के लिए प्रेरित करें। प्रतिस्पर्द्धा के युग में खरा उतरने के लिए शिक्षा ही एकमात्र रास्ता है।

**18000 बच्चों ने उठाया सामाजिक सहयोग से प्रशिक्षण का लाभ**

वे बोले- समाजबंधुओं, संस्थाओं को ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को आगे की पढाई जारी रखने के लिए संबल प्रदान करना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जोधपुर में समाज की ओर से संचालित कोचिंग संस्थान में आरएएस, आईएएस समेत अनेक सरकारी नौकरियों के लिए प्रतिभावान बच्चों को तैयारी कराई जाती है। खुशी की बात है कि उक्त संस्थान के प्रयासों से अब तक करीब 18000 बच्चे प्रशिक्षण और कोचिंग प्राप्त कर विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विभागों में सेवा दे रहे हैं। समाज के बच्चे पढ़ेंगे तो ओबीसी के तहत मिलने वाले आरक्षण लाभ भी उठा सकेंगे। नए अवसरों की राह शिक्षा अर्जन से ही निकलेगी। प्रतिभावान बच्चे लक्ष्य तय करें, डाक्टर, इंजीनियर बनें। समाज का अशीर्वाद और सहयोग मिलेगा तो प्रतिभाओं को हम निखार सकेंगे।

**समाज को दिया राजनीतिक जागरूकता का संदेश**

सांसद गहलोत ने राजनीतिक जागरूकता का संदेश देते हुए कहा कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से हम क्या लाभ ले सकते हैं, आने वाली पीढी को क्या लाभ दिलवा सकते हैं, इसके प्रति जागरूक रहना होगा। समाज को अपना राजनीतिक महत्व बढाना होगा। हारने वाले प्रत्याशी को लगना चाहिए कि माली समाज का साथ मिला होता तो जीत जाता। ठीक ऐसे ही जीतने वाले पर भी दबाव रहना चाहिए कि माली समाज की बदौलत जीत हासिल हुई है। माली समाज का साथ ना मिलता तो हार हो जाती। जब समाज एकजुटता के साथ ऐसी स्थिति बना लेगा तो समाज की हर जगह सुनवाई होगी,हक मिलेगा

**छात्राओं का किया सम्मान**

विशिष्ट मुख्य अतिथि अतिरिक्त कलक्टर परसाराम टाक, आयकर अधिकारी मधु सैनी, फूले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सैनी, समाजसेवी विजय कुमार सैनी, अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष रूपचंद मारोठिया, लक्ष्मी इंजीनियरिंग वर्क्स के एडी पूनमचंद सांखला, इत्यास मसाला के एमडी कृपाराम गहलोत, आम चौरसी बांदनवाडा के अध्यक्ष मंगलप्रसाद माली, करकेडी सरपंच राजेन्द्र अजमेरा, सेवानिवृत शिक्षाविद योगेश्वरी गढवाल ने जिले भर से आए प्रतिभावान प्रतिभावान, मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त समाजसेवी गोपीकिशन जादम ने अपनी ओर से गार्गी पुरस्कार प्राप्त आठ छात्राओं को 1100-1100 सौ रुपए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए।

**श्रम और साधना से मिलती है सफलता**

कार्यक्रम के अध्यक्ष भामाशाह त्रिलोचंद इंदौरा ने प्रतिभावान, मेधावी विद्यार्थियों को अशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में उनके अभिभावकों का श्रम व साधना भी जुडी होती है। बच्चों की सफलता परिवार, समाज के लिए तो मंगलकारी होती ही है साथ ही प्रदेश व देश को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने हाल ही में देश के चंद्रयान मिशन के

सफलतापूर्वक संचालन के लिए वैज्ञानिकों का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रारंभिक असफलता इसरों के वैज्ञानिकों का हौसला नहीं डिगा पाई। वैज्ञानिक डटे रहे और आज चांद पर भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने प्रतिभावान, मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजन कर रही संस्था को अपनी तरफ से 31000 हजार रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम के आरंभ से पूर्व आगंतुक अतिथियों ने ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन किया। गणेशवंदना के बीच समृद्धि चौहान ने नृत्य के जरिए भागवत गीता के सार की भक्तिमय प्रस्तुति दी। संस्था की ओर से आगंतुक अतिथियों का राजस्थानी परंपरानुसार साफा व माला पहनाकर मान सम्मान किया गया।





माली सैनी संदेश
कैलेण्डर 2024
का प्रकाशन होने जा रहा है।
जिसमें आप अपने प्रतिष्ठान फर्म का विज्ञापन जल्द से जल्द भेजें।
हर वर्ष की भाति
5000 कैलेण्डर
निःशुल्क वितरित किये जायेंगे।
सम्पर्क :
9414475464





रोहतक। टेबल टेनिस की स्टार खिलाड़ी सुहाना सैनी ने अपनी सहयोगी यशस्र्व घोरपडे के साथ जोड़ी में विश्व में पहला रैंक हासिल कर नया कीर्तिमान रच दिया है। इंटरनल टेबल टेनिस फेडरेशन की ओर से मंगलवार को जारी ताजा वर्ल्ड रैंकिंग में इन्हें यह स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए पिछले दिनों हुए मुकाबले में इस जोड़ी ने शानदार प्रदश्रन किर देश का नाम रोशन किया। आर्य नगर निवासी विकास सैनी ने बताया कि बेटी सुहाना सैनी अपने शानदार खेल के ख्ल यूथ स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस वर्ल्ड रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। बैंगलुरू की यशस्वी घोरपड़े के साथ जोड़ी बनाकर यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व यह जोड़ी 22 अक्टूबर 2022 से 7 मार्च 2023 तक भी वर्ल्ड रैंकिंग नम्बर एक रह चुकी हैं अभी सुहाना का अंडर 17 सिंगल्स में वर्ल्ड रैंक व अंडर 19 सिंगल्स में वर्ल्ड रैंक 28 है। भारत में सुहाना अंडर 19 में नंबर एक पर है।

## श्रीराम और हनुमान के भजन सुनकर तनाव छू मंतर

टेबल टेनिस के अंडर-19 डबल्स में कर्नाटक की यशस्विनी घोरपड़े के साथ लगातार दूसरी बार दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी हरियाणा के रोहतक की बेटी सुहाना सैनी 2015 से विश्व स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। विशेष बातचीत में उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य 2028 में ओलिंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। पांच वर्ष की आयु में पीढ़े पर चढ़कर मां भावना सैनी और पिता विकास सैनी के साथ टेबल टेनिस की शुरुआत घर से करने वाली सुहाना अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 51 जबकि राष्ट्रीय स्तर पर 56 पदक जीत चुकी हैं। सुहाना ने बताया कि कभी-कभी वह तनाव में आ जाती हैं, लेकिन श्रीराम और हनुमान के भजन उनके तनाव को छू मंतर कर देते हैं। **एकाग्रता के लिए लगाती हैं ध्यानः** सुहाना ने खेल में करियर की शुरुआत के दिन याद करते हुए बताया कि देश के लिए पहली बार खेलने का अवसर 2015 में थाइलैंड अंडर-13 अंतरराष्ट्रीय टेबल स्पेन टेनिस जूनियर सर्किट टूर्नामेंट में एट मिला। वहां भारत का प्रतिनिधित्व को करते हुए कांस्य पदक जीता। साथ ही ही खेल के दौरान ध्यान केंद्रित करने ज और तनाव दूर करने के बारे में लें उन्होंने कहा, खेल में कभी कभी के तनाव हो जाता है, लेकिन श्रीराम के और हनुमान के भजन सुनने पर मेरा व तनाव छू मंतर हो जाता है। एकाग्रता के लिए ध्यान लगाने लगी हूं।

**शरत कमल हैं आदर्श** राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार एवं अर्जुन अवार्ड विजेता शरत कमल सुहाना के आदर्श हैं। सुहाना ने कहा, शरत बिना थके और धैर्यपूर्वक लंबे समय तक खेल सकते हैं। उनकी इस क्षमता से मैं बहुत प्रभावित हूं।

# रातानाडा कृष्ण मंदिर जोधपुर में 'माली नारी शक्ति' ग्रुप का प्रथम स्नेह मिलन,







**जोधपुर।** आज रातानाडा कृष्ण मंदिर जोधपुर में 'माली नारी शक्ति' ग्रुप का प्रथम स्नेह मिलन, इस ग्रुप के सामाजिक उद्देश्यों को सबके सामने रखने के लिए हुआ। ग्रुप की फाउंडर डॉक्टर निधि गहलोत व लक्ष्मी गहलोत हैं। डॉ. निधि ने बताया कि उन्होंने वह लक्ष्मी गहलोत ने मिलकर, माली समाज की सर्व महिलाओं के वृहत्तर उत्थान के लिए बनाया है। ग्रुप का मूल उद्देश्य सांस्कृतिक व धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ नारी शिक्षा, सशक्तिकरण, लिंग भेद रोकना, वह भ्रुण हत्या का विरोध करना है। ग्रुप की वरिष्ठतम सदस्यों कमला सांखला, भगवती गहलोत, माया सांखला, सुशीला भाटी, ममता सांखला ने एक स्वर में दहेज प्रथा व मृत्यु भोज का घोर विरोध किया। मातृशक्ति सेवा संस्थान की अध्यक्षा कुसुम लता परिहार ने इस ग्रुप की सक्रिय सदस्य की भूमिका निभाते हुए ग्रुप की हुई ऑनलाइन जन्माष्टमी प्रतियोगिताओं को प्रमाण पत्र व नारी शक्ति ग्रुप के साथ संयुक्त रूप से पारितोषिक भी दिए। ग्रुप की सक्रिय सदस्य नर्सिंग ऑफिसर तेज कंवर ने बच्चों में बढ़ते हुए मोबाइल के प्रति रुझान को रोकने के लिए सुझाव दिए और साथ ही मुख्यमंत्री व सरकार की तरफ से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए, संस्थागत प्रसव के लिए जोर दिया। ग्रुप की नीलम गहलोत ने माली व सर्व समाज के लिए हितकर कार्य करने, समाज के गरीबों तक लाभ पहुंचाने व जीव दया इत्यादि की ग्रुप की मंशा को आगे रखा। ग्रुप की सीमा गहलोत, डॉ. विनीता कछवाहा, सुचित्रा गहलोत, चंचल गहलोत, दिशा गहलोत, मीनाक्षी देवड़ा, सुचित्रा गहलोत, अक्षिता गहलोत ने ग्रुप की मूल भावना और सम्मेलन का मूल टारगेट भ्रुण हत्या रोकने का हस्ताक्षर अभियान मैं सहभागिता निभाई। हेल्थ वॉरियर्स ग्रुप की अक्षिता कच्छावा ने भी इस प्रोग्राम में शिरकत करके ग्रुप के कार्यक्रम की सराहना की। ग्रुप की मेखला पवार, यामिनी परिहार, मीनाक्षी देवड़ा, अक्षिता ऋतु गहलोत, सिमरन, कविता, मंजू गहलोत ,नीतू गहलोत इत्यादि ने समाज में महिलाओं का उचित स्थान के लिए शिक्षा और लिंग भेद को रोकने के लिए अपनी मानसिकता बदलने पर जोर दिया। सामाजिक सरोकार व उत्सव उल्लास को निभाते हुए ग्रुप में आए मेंबर्स के जन्मदिन मंजू गहलोत और पार्थ गहलोत से केक कटिंग कराई गई व अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ अध्यापिका शीतल गहलोत ने किया वह सभी महिला मेंबर्स को गणेश उत्सव की बधाई दी। रघुबाला गहलोत व कीर्ति देवेश कच्छावा, सीमा ने आज डॉटर्स डे पर 'बेटी बचाओ आंदोलन' में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए महिलाओं का आह्वान किया।अनीता परिहार ने सरकार की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और सर्व समाज को साथ लेने की बात करी। अंत में डॉक्टर निधि गहलोत ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी मेंबर्स को माली समाज व सर्व समाज को भ्रुण हत्या रोकने व लिंग भेद रोकने का आह्वान किया व कहा कि बेटियां तो दो कुलों की दीपक होती है, इसलिए उनको आगे बढ़ने के पूरे अवसर दिए जाने चाहिए।

अंत में लक्ष्मी गहलोत ने रातानाडा कृष्ण मंदिर के अध्यक्ष श्री इंद्र सिंह सांखला, प्रकाश भाटी, सीमा व रातानाडा कृष्ण मंदिर महिला मंडली का धन्यवाद ज्ञापन किया व निशुल्क वीडियोग्राफी वह फोटोग्राफी के लिए खुश वरुण (अमित सांखला) का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# माली समाज ने मनाया स्वतत्रंता दिवस समारोह





उज्जैन। माली समाज के रामी नगर धर्मशाला में 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर गजानन्द रामी ने कहा कि हम स्वत्रंत है। लेकिन जब तक हम स्व के तंत्र को नहीं समझते तब तक हम वास्तविक स्वतंत्रता को नहीं समझते है। इस अवसर पर र्स्व श्री लीलाधर आढतिया किशोरकुमार भाटी, रामनारायण परमार, मांगीलाल डोडिया, अनिल बारोठ, रमेशचन्द चौहान, महेश बारोठ, श्रीमती कांता चौहान, लक्ष्मीबाई रामी, रेखा परमार, प्रेमबाई, कांताबाई बारोठ आदि विशेष रूप से उपस्थित थी।

आभार भगवानलाल रामी ने किया।

## माली (सैनी) समाज (कर्नाटक) बेंगलुरु का

# दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव
















**बेंगलुरु।** माली (सैनी) समाज (कर्नाटक) बेंगलुरु के तत्वावधान में पैलेस ग्राउंड, गेट न.6 स्थित द ग्रांड कास्टल में दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, पहले दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें पूजा,आरती, भजन संध्या एवं चढ़ावो की बोलियों का आयोजन किया गया, भजन संध्या में भजन गायिका आशा वैष्णव एन्ड पार्टी ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति प्रदान की !

दूसरे दिन स्वागत समारोह, प्रतिभावान विद्यर्थियों का सम्मान,लक्की कूपन ड्रा, महाप्रसादी का आयोजन किया गया, आगन्तुकों का स्वागत समाज के अध्यक्ष सज्जनराज साँखला, उपाध्यक्ष उदयराम परमार, मंत्री प्रकाशचंद तंवर, सह मंत्री सोहनलाल साँखला, सह कोषाध्यक्ष थानाराम भाटी, सह प्रचार मंत्री पवन भाटी, सांस्कृतिक मंत्री उत्तम पंवार, सह सांस्कृतिक मंत्री दलाराम पालड़िया, भवन निर्माण कमेटी के रुघाराम साँखला, नगीन चौहान, दलाराम साँखला, सुखराज चौहान, सुगनचंद चौहान,दिनेश चौहान ने माला,साफा पहनाकर किया, इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक रमेश माली पाली, चढ़ावो के लाभार्थियों , उपस्थित अतिथियों का अभिनन्दन किया गया, कार्यक्रम में माली (सैनी) युवा संगठन द्वारा प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया, लक्की ड्रा के विजेताओं को इनाम बांटे गये, कार्यक्रम में समाज के संरक्षक घनश्याम साँखला, संगठन मंत्री जगदीश चौहान, सह संगठन मंत्री शैतानराम दगदी, कार्यकारिणी सदस्य जबराराम सोलंकी, ओगड़राम चौहान, ईश्वरलाल सुंदेशा,रूपाराम भाटी,चेतनप्रकाश चौहान, इराराम परिहार सहित विशिष्ट समाज बन्धु उपस्थित रहे, समारोह में माली (सैनी) युवा संगठन के अध्यक्ष नरेश चौहान, उपाध्यक्ष जुगलकिशोर पंवार,सह कोषाध्यक्ष महेश चौहान, सह मंत्री जगदीश चौहान, सुरेश चौहान, सांस्कृतिक मंत्री अनिल भाटी, खेल मंत्री प्रकाश चौहान, सह खेल मंत्री राजेंद्र चौहान, मीडिया प्रभारी विजयराज साँखला, एमपीएल कमेटी के अध्यक्ष मेघराज बागड़ी एव सभी युवा साथियो ने सराहनीय सेवा प्रदान की !

इस अवसर पर माली (सैनी) समाज बेंगलुरु की सभी संस्थाओ के पदाधिकारियों का भी स्वागत किया गया !

कार्यक्रम का सफल संचालन माली (सैनी) युवा संगठन के संरक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश सोलंकी ने सफलतापूर्वक किया !

## UPSC के लिए गुरुग्राम में एक और नया भवन



**गुडगांव।** समाज के छात्र-छात्राओं को यूपीएससी के लिए दूसरा प्रकल्प लगभग तैयार गुरुग्राम। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित मुखर्जी नगर दिल्ली में समाज के छात्र-छात्राओं को यूपीएससी करने के लिए छात्रावास का प्रकल्प चल रहा है। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी ने अपने साथियों के सहयोग से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गुरुग्राम में एक नया चार मंजिला भवन निर्माणाधीन है।जिसमें शैक्षणिक क्रांति की गतिविधियां एवम समाज हित कि गतिविधियां संचालित होगी। यूपीएससी के छात्र-छात्राओं के लिए समाज का यह दूसरा प्रकल्प बनकर तैयार होने के बाद प्रारंभ किया जाएगा।

# आल इण्डिया सैनी सेवा समाज (रजि.) नई दिल्ली की त्रैमासिक बैठक आयोजित





ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज ( रजि. ) नई दिल्ली की त्रैमासिक बैठक उत्तर प्रदेश के कृष्णमय नगरी मथुरा में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिलबाग सिंह सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कोर कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर दिनेश सैनी, सदस्य पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीपाल सैनी, संरक्षक जी.एल. सैनी, संयोजक ताराचंद सैनी, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष विधायिका कमलेश सैनी, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष प्रदीप सैनी, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद गहलोत पुष्कर, वीरेंद्र सैनी, पूर्व एमएलसी सदस्य परमेश्वर लाल सैनी,प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान सेवाराम दगदी, युवा अध्यक्ष राजस्थान अजय सैनी, प्रदेश महिला अध्यक्ष राजस्थान बिना टांक, प्रदेश सचिव कैलाशचंद चौहान, उपाध्यक्ष पुखराज दगदी, महासचिव भंवरलाल मालाकार और पूरे भारत के हर राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी सदस्य गणों ने भाग लिया।

त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी ने अपने उदबोधन में कहा कि सभी इकाई अपना कर्तव्य सही रूप से पालन कर रही है। साथ ही सभा मे उपस्थित अपार महिलाओं की संख्या से अभिभूत होकर महिलाओं को समाज कार्य मे जिम्मेदारी बढ़ाने पर आभार व्यक्त किया साथ ही राजस्थान राज्य में होने वाले आगामी विधानसभा चुमाव में विभिन्न राजनीतिक दलों के सामाजिक कार्यकर्ताओं को भागीदारी बढ़ाने के लिये कमेटी का गठन किया। यह कमेटी इच्छुक कार्यकर्ताओं से बॉयोडाटा लेकर चुनाव में अधिकृत प्रत्याशी बनवाने में हरसंभव प्रयास करेगी। प्रमुख वक्ताओं ने राजनीतिक,सामाजिक एवं महिला शिक्षा के बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किये ।

इस त्रैमासिक बैठक में ताराचंद गहलोत ने अपने संबोधन में बताया कि राजस्थान जैसे हर राज्यों में समाज के कार्य होने चाहिए साथ ही आज राजस्थान में समाज आगे की ओर बढ़ रहा है हमारे राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री जननायक श्रीमान अशोक जी गहलोत साहब ने राजस्थान राज्य के समाज बंधुओ की कई सालों से चल रही मांग को पूर्ति करते हुए माली (सैनी) समाज के हित में 11 अप्रैल महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित कर फुले दंपती को अपनी तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि दी है । साथ ही महात्मा फुले बोर्ड, लव कुश बोर्ड का गठन कर,समाज के सामाजिक कार्यकताओं को नगर पालिकध्परिषद, निगम में मनोनीत पार्षद, राजस्थान के विभिन्न बोर्ड में सदस्य/अध्यक्ष इत्यादी मनोनीत किया । राजस्थान के हर ब्लॉक स्तर पर बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये राजकीय बालिका विद्यालय को सावित्री बाई फुले विद्यालय के नाम से करने की घोषणा करी साथ ही राजस्थान में विभिन्न जिलों में महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय,फुले दंपती सर्किल, छात्रावास के भवम निर्माण हेतु जमीन का आवंटन किया।

इस अवसर त्रैमासिक बैठक उपस्थित सभी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री जननायक अशोक गहलोत को अपनी तरफ से तालियां बजा करके धन्यवाद ज्ञापित किया ।

राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सेवाराम दगदी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि समाज के युवा वर्ग को बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभाने आह्वान किया । युवा वर्ग में बढ़ रही नशाखोरी, अशिक्षा व बेरोजगारी के अभाव को कम करने हेतु सभी को अवगत करवाया ।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य से ऑल इंडिया सैनी सेवा (रजि) नई दिल्ली के राष्ट्रीय संगठन सचिव पी.एम.सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप नाईक, सुजाता ताई इलवे, प्रदेश अध्यक्ष विजय राऊत,महिला प्रदेश अध्यक्ष मनीषा बनकर,भंवर लाल टांक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, उम्मेद मल परिहार मुंबई अध्यक्ष, प्रभाकार क्षीरसागर उपाध्यक्ष महारष्ट्र, 24 अक्टूबर को फुले दंपति के जीवन पर आने वाली फिल्म सिनेमा जगत में (सत्यशोधक) फिल्म के निर्माता शिवा बागुल, प्रवीण तायड़े भी उपस्थित होकर समाज हित में अपनी सहभागिता निभाई। मंच संचालन राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) राजकुमार सैनी ने किया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों के आवास,भोजन की व्यवस्था व सभा मे उपस्थित आये अतिथियों के स्वागत सम्मान में स्मृति चिन्ह, माला, शॉल की व्यवस्था प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी के कुशल नेतृत्व में की ।




## साधुवाद । वंदन । अभिनंदन ।

जोधपुर ट्रक यूनियन द्वारा संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज के पावन धाम अमरपुरा, नागौर के निमित्त नि:शुल्क पत्थर सादर समर्पित 4 अक्टूबर को बड़ा रामद्वारा सूरसागर, जोधपुर के महंत रामस्नेही संत रामप्रसाद जी महाराज के कर कमलों द्वारा बैनर का विमोचन किया गया।

भामाशाहों द्वारा 4 अक्टूबर 23 को करीब 150 गाडियों को काफिले के साथ अमरपुरा धाम पहुंचाया जाएगा।

**हमारा समाज सुदृढ़ समाज**

# मजबूत समाज ही राष्ट्र को सशक्त करता है

## महात्मा ज्योतिबा फुल सामाजिक क्रांति संस्थान का राष्ट्रीय सम्मान समारोह संपन्न















**कोटा।** महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक क्रांति संस्थान कोटा का राष्ट्रीय सम्मान समारोह किशोरपुरा स्थित शिव मंदिर दशहरा मैदान में आयोजित किया गया। इस दौरान महात्मा फूले भवन का लोकार्पण किया गया। वहीं, प्रतिभा, भामाशाह, नवनियुक्त और सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान गौसेवा आयोग के सदस्य ज्योति बाबा फुले थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक संदीप शर्मा तथा पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बघेल ने की। साथ ही, सांगोद नगर पालिका चेयरमैन राजेंद्र गहलोत, माली समाज छात्रावास के अध्यक्ष प्रदीप सुमन, सरपंच बिरधीलाल सुमन, टीसी सुमन, परमानंद सुमन, मुकेश पुष्प, रामेश्वर सुमन, नगर पालिका सचिव मांगीलाल सैनी, गजेंद्र सुमन, जगदीश सुमन, नाथू सोलंकी मंच पर मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मोती बाबा को लेने कहा कि सीएम अशोक गहलोत ने देने में कोई कमी नहीं की है। अब बारी हमारी है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को इसी सत्र से लागू किया जाना चाहिए। वहीं जातिगत जनगणना भी होनी चाहिए। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि समाज को सशक्त करने के लिए युवाओं का समर्पण जरूरी है। मजबूत समाज से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। समाज पर आने वाले संकटों के निवारण के लिए युवाओं को खड़े होने की जरूरत है। अमित धारीवाल ने कहा कि माली समाज को जब भी जरूरत होगी धारीवाल परिवार हमेशा खड़ा मिलेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और मंत्री शांति धारीवाल ने माली समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया है।

मुकेश पुष्प ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन पशु के तुल्य है। 75 साल में किसी पार्टी ने समाज का विकास नहीं किया। राजनीतिक पार्टियों समाज को तोड़ने का काम करती हैं। चुनाव में वोट बैंक को संगठित रखकर अपने दम पर सरकार को आइना दिखाना होगा। किशोरी लाल ने कहा कि युवाओं को प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। युवा आर्थिक सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़े राजेंद्र गहलोत ने कहा कि आर्थिक रूप से जुड़े समाज को आत्म उन्नति के लिए रोजगार के साधनों में वृद्धि करनी होगी। बीएल सैनी ने कहा कि शिक्षा मूल मंत्र है। बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा देनी चाहिए।

समारोह में रामकिशन सुमन, रामेश्वर सुमन, दीपक सुमन, महेश कच्छावा, हरिप्रसाद सुमन, दिनेश सुमन, प्रभुलाल सुमन, भूरालाल सुमन, रमेश सुमन, राजस्थान व्यापारी पार्टी के मुकुल जैन, भेरूलाल सुमन, देवराज सुमन, नंदकिशोर सुमन, कैप्टन बीएल सुमन, चंद्रशेखर सुमन, ओम सुमन, मुकेश माली, प्रदीप सुमन, मांगीलाल सुमन, राजेंद्र सुमन, वृद्धिलाल सुमन, नारायण भाई माली समेत कई लोग मौजूद रहे।

**भामाशाहों ने दिए 37 लाख, सम्मान किया गया**

प्रदेश अध्यक्ष मुकेश बघेल ने कहा कि समाज की ओर से दिए गए आर्थिक सहयोग से 5 हजार वर्ग फीट के दो मीटिंग हश्वल बनाए जा रहे हैं। जिनका शिलान्यास और भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से 15 लाख और 26 लाख के रूप में आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ था। इस दौरान जगदीश सुमन ने 1 लाख 11हजार, कुंभाराम सुमन, बिरधीलाल सुमन, मुकेश सुमन, मुकेश सुमन, प्रेमचंद सुमन, मोनू सुमन, मिश्रीलाल सुमन ने 21 हजार की राशि दी। वहीं सुरेंद्र सुमन ने 16000 रुपए की राशि दी। समारोह में राशि देने वाले विभिन्न भामाशाहों का सम्मान किया गया।

### ऐतिहासिक स्वागत

# रुदावल वाले हनुमान जी के मंदिर पर कुशवाहा समाज की विशाल मीटिंग का आयोजन

**मीटिंग की अध्यक्षता जिला कुशवाहा समाज के संरक्षक रघुवीर सिंह कुशवाहा जी एवं संचालन किशन सिंह कुशवाहा द्वारा**



लव कुश भगवान के सामने दीप प्रचलित कर माला अर्पित की एवं लव कुश भगवान की आरती की गई उपस्थित मुख्य लोग लक्ष्मण सिंह कुशवाहा जयपुर रामहित कुशवाहा पूर्व प्रधान धौलपुर शेर सिंह कुशवाहा प्रदेश महासचिव कुशवाहा समाज राजस्थान एवं रामहित कुशवाहा जय भोले विकास समिति अध्यक्ष सहपउधौलपुर बासुदेव प्रसाद कुशवाहा प्रदेश आरक्षण संरक्षण समिति संयोजक एवं आरक्षण संघर्ष समिति के मुख्य सचिव बदन सिंह कुशवाहा कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह कुशवाहा आरक्षण संघर्ष समिति के लव कुश सेवा के जिला अध्यक्ष धौलपुर के श्री कृष्णा कुशवाहा एवं उपाध्यक्ष युवा कृष्णा कुशवाहा मनिया के अध्यक्ष रतन सिंह कुशवाहा जिला महामंत्री तोताराम कुशवाहा वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह कुशवाहा सरपंच रोहतम सिंह कुशवाहा सरपंच शैली कुशवाहा डॉक्टर सूरज कुशवाहा तहसील बयाना के अध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा तहसील रूपवास के अध्यक्ष रोशन सिंह कुशवाहा रुदावल तहसील के अध्यक्ष महेश चंद कुशवाहा भरतपुर कुशवाहा समाज के जिला उपाध्यक्ष तोताराम कुशवाहा जिला संरक्षक ओमप्रकाश कुशवाहा जिला कार्यकारिणी के सचिव दिनेश चंद्र कुशवाहा तिघर्रा गोवर्धन सिंह कामले महेंद्र सिंह देवी सिंह फौजी तहसील उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र बयाना रुदावल के तहसील महामंत्री ओम प्रकाश कुशवाहा कोषाध्यक्ष लखन सिंह टेलर लव कुश जयंती के अध्यक्ष जवाहर सिंह कुशवाहा कुशवाहा प्रदेश सचिव परशुराम कुशवाहा लव कुश फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद कुशवाहा चंदे कुशवाहा संरक्षक शिवलाल बाबा शैली सरपंच खानवा पुरुषोत्तम कुशवाहा सरपंच अस्थल गोविंद सिंह स्थल मल्हा की युवा टीम साहब सिंह कुशवाहा लाल सिंह कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता हेमलता कुशवाहा डॉक्टर रामस्वरूप कुशवाहा करण सिंह दुर्ग सिंह धर्म सिंह गोपाल कुशवाहा रामचरण जी पप्पू कुशवाहा निरंजन लाल कुशवाहा छोटे लाल जी सुरेश चंद जी केपी कुशवाहा राजेंद्र कुशवाहा रघुवीर सिंह जी लवकुश जयंती के रघुवीर जी राजेंद्र जी कमलू कुशवाहा घनश्याम रविंद्र सिंह महावीर सिंह कुशवाहा राजवीर सिंह कुशवाहा बने सिंह कुशवाहा गंगा सिंह कुशवाहा माखन सिंह कुशवाहा महाराज सिंह कुशवाहा मुख्तियार सिंह कुशवाहा चरण सिंह कुशवाहा नारायण सिंह कुशवाह वेद प्रकाश कुशवाहा देवी सिंह जी चंदन सिंह धर्म सिंह मोहन सिंह चंद्रपाल पप्पू कुशवाहा महावीर सिंह कुंवर सिंह राधावल्लभ राम खिलाड़ी प्रेम सिंह पीतम सिंह बृजेंद्र सिंह मोती सिंह कमले महेंद्र सिंह अमर सिंह नारायण सिंह हजारों की तादाद में कुशवाहा समाज के भाई-बहन हनुमान जी पर इकट्ठे हुए सभी का तहसील अध्यक्ष महेश चंद कुशवाहा जी की तरफ से सपा एवं माला और लव कुश भगवान की प्रतिमा एवं राधे-राधे की दुपट्टा देकर के स्वागत सम्मान किया!

इस अवसर पर जिले के हर गांव से कुशवाह लोग मौजूद थे सभी गांव वालों ने अपनी अपनी तरफ से महेश चंद तहसील अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष वीर बहादुर कुशवाहा का स्वागत सम्मान किया एवं बयान और खिरनी नगला वालों ने 101 मीटर के जिला अध्यक्ष व तहसील अध्यक्षों को स्वागत माला पहन कर किया अध्यक्षों को मालाओं से लाद दिया गया।

पूर्व प्रधान रमित कुशवाहा ने कहा धौलपुर के कार्यक्रम अनोखे होते हैं और ऐसा ऐतिहासिक स्वागत मैं नहीं देखा क्योंकि 1000 पगड़ी बांधकर के लोगों का स्वागत सम्मान किया और कहा 10 सितंबर को होने वाली लव कुश शोभा यात्रा ऐतिहासिक योगी और हम हमेशा आपका सहयोग करते रहेंगे!

लक्ष्मण सिंह कुशवाहा आरक्षण संघर्ष समिति के संरक्षक जयपुर वालों ने कहा भरतपुर की तो टाइगर टीम है इसका पूरे हिंदुस्तान में नाम है और कहां हमें आरक्षण की लड़ाई हमेशा एक एक साथ होकर करके लड़ेंगे आरक्षण लेकर के रहेंगे तो वासुदेव कुशवाहा ने कहां हम हमेशा साथ रहेंगे और अंतिम सांस तक लड़ाई समाज की लड़ते रहेंगे सभी वक्ताओं ने शिक्षा पर जोर दिया और संगठन पर जोर दिया और आने वाले 10 सितंबर के कार्यक्रम को इतिहास बना ऐतिहासिक बनाने की अपील की अंत में सभी ने दाल बाटी चूरमा पूरी सब्जी चटनी से भोजन किया और अध्यक्ष साहब ने सा धन्यवाद देकर के समाज की सभा का समापन किया।




**हार्दिक बधाई**

**माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी पीपाड़ शहर**
**आम चुनाव में नवनिर्वाचित**
**अध्यक्ष : जवरीलाल माली , उपाध्यक्ष : हनुमान माली,**
**कोषाध्यक्ष : सुरेन्द्र कच्छवाह, सचिव : बाबूलाल सांखला**
**को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

# श्री फूलमाली चौखरा पंचायत समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह व वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

**सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा पिपलियामंडी में सर्व सहमति से भूपेंद्र महावर को बनाया गया अध्यक्ष**



पिपलियामंडी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री फूलमाली चौखरा पंचायत समिति द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में स्थित श्री फूलमाली समाज धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह व साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 10 वी, 12वी व स्नातक, स्नात्कोत्तर में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों व खेलकूद में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों सहित 135 छात्र ,छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रसनीय पत्र से मंचासीन समाज के वरिष्ठ जनो द्वारा सम्मानित किया गया। इसके उपरांत साधारण सभा चौखरा पंचायत के अध्यक्ष श्री मुकेश जी जादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें संस्था के समस्त पदाधिकारी व कार्यकारणी के सदस्यगण व वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। उपस्थित समाजजनों द्वारा समाज उथान के लिए व महात्मा फुले व माता सावित्रीबाई फुले के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए समाज के पंचों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए व समाज का आगामी सामुहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया व सर्व सहमति से तय किया गया कि इस वर्ष का सामुहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया पर टिलाखेड़ा पिपलिया मंडी में आयोजित किया जाएगा व उक्त सम्मेलन हेतु अध्यक्ष के लिए सर्व सहमति से श्री भूपेंद्र जी महावर को नियुक्त किया गया व उपस्थित समाज जनो द्वारा भूपेंद्र जी महावर को माला पहनाकर बधाई शुभकामनाएं दी।

साधारण सभा के दौरान पूर्व में सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने वाले अध्यक्ष जनो का भी साफा ,शाल व प्रसनीय पत्र से सफल आयोजन करने पर चौखरा पंचायत समिति द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था का वार्षिक आय ,व्यय पत्रक का वाचन कोषाध्यक्ष मुकेश गहलोत द्वारा किया गया। संचालन राजेश महावर जावी व देवानंद उनियारा द्वारा किया गया। अंत में आभार चोखरा पंचायत के सचिव गोवर्धन दय्या द्वारा माना गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के छात्र ,छात्राए माता बहाने व समाजजन उपस्थित रहे ।

**"समाज जितना ही सच्चाई से दूर होता जायेगा, उतना ही सच बोलने वालो से नफरत बढ़ती जायेगी।"**

## श्रीमद् गहलोल जल मन्दिर का उद्घाटन





जोधपुर। श्री ओमदत्त गहलोत चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्रीमद् गहलोत जल मंदिर का निर्माण माली संस्थान रामबाग परिसर स्थित बहु प्रतियोगिकी प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थीयो हेतु जल मंदिर प्याऊ का उद्घाटन ट्रस्ट द्वारा किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में सुनील परिहार रीको निदेशक वह उनके परिजन विक्रम सिंह गहलोत, राजेंद्र गहलोत, दिलीप सांखला सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में बहु प्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा, माली संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह परिहार, सुमेर स्कूल के प्रबंधक नरेंद्र कच्छवाह, उत्कर्ष के प्रबंध निदेशक निर्मल गहलोत, समाजसेवी निर्मल सैनी, नरेंद्र सिंह परिहार, धीरेंद्र देवड़ा सहित गणमान्य वरिष्ठजन व विद्यार्थिगण उपस्थित रहते हुए।

# गुजराती माली समाज की 90 प्रतिभाओं का सम्मान






उज्जैन श्री गुजराती रामी माली समाज उज्जैन पंच के तत्वावधान में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी होने वाला प्रतिभावान विद्यार्थियों व खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

समाजसेवी गजानंद रामी ने बताया कि इस वर्ष समाज की कुल 90 प्रतिभाओं का अभिनंदन किया गया, जिसमें 74 विद्यार्थीगण एवं 16 खिलाड़ी थे। कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. सी एम त्रिपाठी, वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ, विशेष अतिथियों में डॉ. पिंकेश गेहलोत, सत्यनारायण चौहान पार्षद, श्रीमती प्रेमलता ओम रामी पार्षद, सुश्री भावना परमार नवनियुक्त सी. ए. एवं अपर्णा चौहान, समाज कार्यकर्ता तथा अध्यक्षता की समाज अध्यक्ष द्वारकाधीश चौहान ने मंचासीन रहे। जगदीश पटेल, समाज वरिष्ठ जन शिवनारायण गहलोत लीलाधर धारवे, राम प्रसाद परमार, हरि नारायण परमार, श्रीमती शांता चावडा, मदनलाल परमार, श्रीमती हेमा बहन सोलंकी, श्रीमती श्रीमती गीता रामी एवं विद्या बहन, श्रीमती रेखा गेहलोत। श्री रामी ने आगे बताया कि सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान राम, माता सरस्वती, महात्मा फुले एवं स्वर्गीय श्री उमाशंकर परमार के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया।

सरस्वती वंदना का गायन किया श्री पुरुषोत्तम विष्णु सर ने अतिथियों का स्वागत किया योगेश चौहान विशाल चौहान, मुकेश हारोड, मुकेश बारोड, सुरेश चौहान, सुनील बारोड, धर्मेंद्र बारोड, कमल डोडिया, गजानंद रामी, मनोहर सोलंकी आदि ने दिया स्वागत भाषण अनिल बारोड ने पश्चात सम्मान कार्यक्रम एवं अतिथि उद्बोधन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ गण माता बहने विद्यार्थी गण एवं अभिभावक गण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन, पुरुषोत्तम विष्णु एवं विशाल चौहान ने किया आभार अध्यक्ष द्वारकाधीश चौहान ने माना।

# UPSC स्टूडेन्ट्स के लिए नई दिल्ली में भवन की सुविधा

दिल्ली में समाज के यूपीएससी के लिए छात्रावास देश की विभिन्न समाज के जागरूक लोगों ने अपने समाज के होनहारो के लिए उच्च शिक्षा, यूपीएससी,राज्य प्रशासनिक सेवा, आईएएस, आईपीएस जैसे बड़े पदों के अधिकारी बनाने के लिए छात्रावास,कोचिंग सुविधा का जाल फैला कर अनेक जगहों, दिल्ली के मुखर्जी नगर, राजेंद्र प्लेस में सुविधा उपलब्ध कराई है।अपने समाज के बच्चों को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी बनाने में सफलता पाई है। इसकी पहल राजस्थान देश का सबसे प्रथम राज्य है, यहां जगह जगह छात्रावास,प्रशिक्षण केंद्र संचालित है। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान ने भी अपनि शिक्षादान की अभिनव योजना के तहत योजनाएं बनाई है।इसके प्रथम चरण में दिल्ली स्थित मुखर्जी नगर में 27 कमरों का छात्रावास समाज के भामाशाह, सक्रिय समाजसेवियों ने क्रय करके दिया हुआ है। इसमें वर्तमान में 6 छात्राएं, 38 छात्र भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी में जुटे हुए हैं। इसी छात्रावास के विद्यार्थी हरीश कुमार 2022 की परीक्षा में सफल हुए हैं। यह समाज के लिए गौरव की बात है। रेवाड़ी का विद्यार्थी योगेश सैनी ने भी सफलता प्राप्त करके भारतवर्ष में समाज का नाम रोशन किया है और समाज को गौरवान्वित किया है। यह प्रयास निरंतर जारी है। आशा है भविष्य में समाज के विद्यार्थी आगे आकर इसी भांति प्रशासनिक सेवा, राज्य प्रशासनिक सेवा, बैंकिंग सेवा, आईटी सेवा आदि में शिक्षित,प्रशिक्षित होकर अपना, आपके परिवार और समाज का नाम रोशन करने के लिए संघर्ष रत है। आईटी क्षेत्र में भी अब समाज के छात्रों ने परचम लहराते हुए बंगलोर, चेन्नई, पूणा,मुंबई, हैदराबाद, इंदौर, नोएडा,गुडगांव आदि में पहुंचकर अपनी,परिवार की क्षमता बढ़ाने में सफल हो रहे हैं।और इन सफल विद्यार्थियों ने अपने परिवार के होनहार सदस्यों को भी आगे पढ़ाने, प्रशिक्षण दिलाने में रुचि ली हे। समय आने पर सभी क्षेत्रों में विद्यार्थी समाज उन्नति, प्रगति में योगदान करेंगे। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम गहलोत, पूर्व अध्यक्ष शंकरराव लिंगे, कोषाध्यक्ष रामलाल कछावा, महासचिव रामनारायण चौहान, संयुक्त सचिव एड अनुभव चंदेल, जी एल सैनी, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रतिभावनों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

आशा है समाज के सक्षम लोग शिक्षादान के लिए आगे आकर यथाशक्ति सहयोगी, योगदानी, भामाशाह आगे आएंगे और शैक्षणिक क्रांति का आगाज करते रहेंगे। जय ज्योति, जय क्रांति।

मध्यप्रदेश शासन में पूर्व मंत्री और माली सैनी मरार समाज के प्रथम अध्यक्ष स्व. श्री रामजी महाराजजी की 24वीं पुण्यतिथि पर

# सम्मान समारोह में प्रदेशभर के समाजसेवी सम्मानित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग के मसीहा पिछड़ा वर्ग आयोग मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वश्री राम जी महाजन की 24 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मध्यप्रदेश माली सैनी मरार समाज द्वारा पिछड़ा वर्ग के समाजसेवियों का सम्मान समारोह 27 अगस्त, 2023 (रविवार) को महात्मा फुले भवन भोपाल में आयोजित किया गया। सर्व प्रथम महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तत्पश्चात रामजी महाजन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं विधायक पीसी शर्मा व अन्य अतिथियों ने किया इस अवसर पर समाज के समाज सेवी, पत्रकार, व्यवसायी आदि 45 से अधिक समाज सेवियों का सम्मान शील्ड मोमेंटो, प्रमाण पत्र, शॉल एवं श्रीफल देकर का सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री पी सी शर्मा ने कहां की मैंने राम जी महाजन के साथ भी कार्य किया है, रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग के महान चिंतक विचारक है। उन्होंने मध्य प्रदेश में पूरे प्रदेश का दौरा करके पिछड़ा वर्ग को चिन्हित किया, पिछड़ा वर्ग की शासकीय योजनाओं का जातियों को पिछड़े वर्ग में घोषित आरक्षण द्वारा लाभ दिलवाने में मुख्य भूमिका अदा की। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने महाजन आयोग की अध्ययन करके पूरे प्रदेश में पिछड़ा वर्ग को लाभ दिलवाने का प्रयास किया। महाजनजी समाज के गरीब अमीर सभी का सम्मान करते थे। इस अवसर पर उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ श्री जगदीश सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि महाजन साहब ने भोपाल में महात्मा फुले भवन बनाने का उनका सपना था, जिसकी जिम्मेदारी महाजन साहब ने अंतिम



समय पर स्वश्री लिखिराम कावरे (पूर्व मंत्री) को सौपी, जिनके कार्यकाल में दिग्विजयसिंह मुख्य मंत्री (म.प्र.) एवं अशोक गेहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान शासन द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भव्य सम्मलेन का आयोजन स्वश्री लिखिराम कावरे (पूर्व मंत्री म.प्र.) नेतृत्व में बिट्ठल मार्केट में हुआ था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर श्री जी पी माली ने की।

# मारवाड़ी माली महिला मण्डल ने किया चतुर्थी उद्यापन

**उज्जैन।** मारवाड़ी माली महिला मण्डल के तत्वावधान में चतुर्थी उद्यापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला मण्डल की सदस्यों व सामाजिक माता बहनों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष सीमा भाटी, सपना साँखला द्धपार्षदत्रृ, रेखा दग्दी मधु साँखला, मंजू कछावा, अन्नपूर्णा भाटी, ललिता साँखला, अनामिका साँखला, राजू तंवर, पूजा भाटी आदि उपस्थित थी।

प्रारंभ में ट्रस्ट के चौयरमेन महेश बागड़ी, उपाध्यक्ष राजकुमार कम्मा, कोषाध्यक्ष प्रेम प्रकाश बागड़ी, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गौड़, दीपक कटारिया, सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद गौड़, पूरणमल राकसिया, समाजसेवी गिरधारी लाल राकसिया, सेवानिवृत्त शिक्षक रामगोपाल चुनवाल, उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार बबेरवाल, झाबरमल सिंगोदया, बैक प्रबंधक कमलेश सैनी,लोक अभियोजक एडवोकेट सत्यनारायण चुनवाल, व्याख्याता दिलीप चुनवाल, व्याख्याता जयप्रकाश सिंगोदिया, व्याख्याता प्रमोद भभैवा, व्याख्याता सतीश राकसिया, पीटीआई रामस्वरूप बबेरवाल, रतनलाल भभैवा, शुशील चुनवाल, बलदेव चुनवाल, कैलाश टांक, बुद्धिप्रकाश अलखपुरा, राकेश टांक, फुले ब्रिगेड के तहसील अध्यक्ष मनोज राकसिया, देहात अध्यक्ष विनोद सांखला सेठों की कोठी,शहर अध्यक्ष राकेश गौड़, पूर्व पार्षद सत्यनारायण पापटाण, श्रीराम भभैवा, योगेश जाजम, मनीष भाटी, अमित सनवाली, हीरालाल मीरण, सुरेश गनेडी, नरेन्द्र बठोठ, भंवरलाल गनेडी, बजरंग गौड़ सिंगोदडा, रूकमानंद छिछास, ताराचंद बगडी, मनोज सूईवाल, नथमल चुनवाल मावलियो की ढाणी, विकास सिंगोदिया, राजेन्द्र बबेरवाल, मनीष भाटी, प्रहलाद मारोठिया, राधेश्याम सैनी, मुकेश टांक,मनीष मावलियो की ढाणी, पवन चुनवाल कुमास जाटान, अनिल सैनी सांखू हनुमानगढ़, चिरंजीलाल चुनवाल, महावीर जाजम,हरीश सांखला बगड़ी, दामोदर गौड़, लालचंद जाजम, गोविंद गौड़, विनोद मिटावा, भागीरथ गौड़, दीपक सनवाली, उज्जवल बागड़ी, मयंक कम्मा, श्रीमती आशा सैनी, बबीता बागड़ी, विकास सिंगोदिया, नंदलाल सनवाली आदि ने आंगतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतिक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर पत्रकार प्रभाष नारनोलिया, शशिकांत पुजारी, मुकेश कुमावत, राजेश राजू सैनी,राम शर्मा,राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित छगन शास्त्री, सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर केके गुप्ता, सेवानिवृत्त लेखाधिकारी महेश वेदी,पवन सोनी, दिलीप रूहेला बैरास,श्रवण मानासी रामप्रसाद बनाई सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन मौजूद थे। इस मौके पर ट्रस्ट की ओर से मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

# प्रतिभाओं के सम्मान से ही समाज में जागृति व विकास होता है -मीणा

## संतरा देवी बागड़ी की 9वीं पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान व सावित्री बाई फुले पुरस्कार समारोह आयोजित







**लक्ष्मणगढ़** । उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार मीणा ने कहा कि समाजसेवा के विभिन्न प्रकार होते हैं उनमें कुछ सेवा कार्य लीक से हटकर होते हैं ऐसे ही कुछ कार्य संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट कर रहा है जो सराहनीय है ।

उपखण्ड अधिकारी मीणा सोमवार को यहां सैनी भवन में संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर सैनी भवन संतरा देवी बागड़ी की 9वीं पुण्यतिथि पर आयोजित सावित्री बाई फुले शिक्षिका पुरस्कार व प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की ओर से मोक्षधाम, पार्क, शिक्षा, चिकित्सा,सेवा सम्मान, शिक्षिका पुरस्कार व प्रतिभा सम्मान के कार्य ट्रसट की ओर से किए जा रहे हैं वो काबिले तारीफ व सराहनीय है। उपखण्ड अधिकारी ने अपने संबोधन में छात्रावास निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि छात्रावास का निर्माण क्रांतिकारी कदम है । उन्होंने कहा कि छात्रावास निर्माण से समाज में जागृति व विकास की दृष्टि से मिल का पत्थर साबित होगा। समारोह को पुलिस निरीक्षक मनोज भाटीवाड़, नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी डॉ. अशोकचौधरी, राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य पवन बूटोलिया छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती सुनीता सैनी व शिक्षिका श्रीमती सुनीता सोनी को संतरा देवी बागड़ी स्मृति 2023 का सावित्री बाई फुले शिक्षिका पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दोनों शिक्षिकाओं को ट्रस्ट की ओर माल्यार्पण कर,शाल ओढ़ाकर,रजत कलम,प्रतिक चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट किया। अभिनंदन पत्र का वाचन व्याख्याता जयप्रकाश सिंगोदिया व व्याख्याता दिलीप चुनवाल ने किया। इस अवसर पर 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80प्रतिशत व अधिक अंक, स्नातक व स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी करने वाली प्रतिभाओं एवं एमबीबीएस, आईआईटी, चार्टेड एकाउंटेंट, इंजीनियर,नीट, फार्मेसी,खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों की सैनी समाज की 4दर्जन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया ।


सनवाली आश्रम के पीठाधीश्वर महंत शांतिनाथ जी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी राजेश कुमार मीणा जबकि ट्रस्ट के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी ने अध्यक्षता की इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक मनोज कुमार भाटीवाड़, नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी डश्र अशोक चौधरी, पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामधन डूडी, विधुत निगम के सहायक अभियंता कमल टेलर, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता मनीष मील, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा, राजस्थान राज्य विप्र कल्याण बोर्ड के सदस्य पवन बूटोलिया,श्री भगवानदास तोदी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन एस नाथावत, बगडिया स्कूल के सचिव पवन गोयनका, सेवानिवृत्त शिक्षा प्रसार अधिकारी युसुफ अली खीरवा, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष रामप्रसाद जडिया, समाजसेवी भामाशाह रामगोपाल राकसिया, आनंद टांक, मदनलाल राकसिया, महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। प्रारंभ में मंचस्थ अतिथियों ने संतरा देवी बागड़ी व सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर, माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित जनों श्रीमती बागड़ी के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ट्रस्ट के मंत्री पत्रकार बाबूलाल सैनी ने अतिथि परिचय, स्वागत भाषण एवं ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी दी। संचालन महेंद्र चुनवाल ने किया जबकि उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार बबेरवाल ने आभार जताया।

## इंडो एशिया लीडरशिप अवॉर्ड 2023 से सम्मानित हुए शिवगंज के रोहित गहलोत

शिवगंज। बॉलीवुड की वसेर्टाइल अदाकारा भाग्यश्री ने शनिवार को इंडो एशिया लीडरशिप मेन और वीमेन अवॉर्ड 2023 आर्य ग्रुप ऑफ कॉलेज, कुकस में शिरकत की और ऐक्टर विकल्प मेहता की मौजूदगी में सभी अतिथियों में जोश भरा और अक्षय कुमार की कॉमेडी कर के सभी को गुदगुदाया। डांस कर के सभी के एंजॉय भी किया। अवॉर्ड शो में ग्रुप से भाग्यश्री ने सभी को अवार्ड्स से सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जयपुर में 16 सितम्बरए शनिवार को बॉलीवुड सिलेब्रिटी भाग्यश्री ने 45 केटेगरी में इंडो एशिया मेन और वीमेन को अवार्ड्स दिए। केटीसी ग्रुप के चेयरमैन राज खान वॉटर प्रूफफिंग किंग) और आर्य ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. अरविंद अग्रवाल और डॉ. पूजा अग्रवाल साथ रहे। इंडो एशिया लीडरशिप मैन एंड वुमेन अवार्ड 2023 में शिवगंज शहर के रोहित गहलोत को बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री के हाथो से बेस्ट इमर्जिंग एक्टर और बेस्ट प्रोड्यूसर के अवार्ड से सम्मानित किया गया। रोहित गहलोत ने बताया कि इस अवार्ड के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की थी और इनके पिता प्रकाश चंद्र गहलोत, माता स्नेहलता गहलोत का भी बहुत ज्यादा सपोर्ट मिला । इनका साथ दोस्तों और शिवगंज शहर ने भी दिया। रोहित गहलोत को अब तक दो अवार्ड्स मिल गए हैं । इंडियन प्राइम इकोन अवार्ड्स 2023 से भी सम्मानित किया गया है। माली समाज में छाई खुशी जैसे ही अवॉर्ड मिलने की खबर शिवगंज माली समाज के लोगों को पता चली उन्होंने गर्व महसूस किया और रोहित गहलोत को फोन कर बधाई दी।

# 5 बेटियों की सगाई, नवजीवन में खुशियों छाई

## स्टेज पर पुष्प वर्षा, उपहार दिए (शादी 1 दिसम्बर को)



*हमारे गौरवशाली इतिहास के महापुरुष कर्मयोगी स्वर्गीय श्रीमान भगवान सिंह जी परिहार के द्वारा स्थापित नवजीवन संस्थान में पली पोषी शिक्षित हुई अनाथ 5 लड़कियों का विवाह दिसंबर में होगा। सगाई की रस्म धूमधाम से हुई। संस्था अब तक 20 बेटियों का विवाह धूमधाम से करा चुकी है।*

*संस्थान प्रभारी आदरणीय राजेंद्र परिहार बाऊजी के बाद निभा रहे है पिता की भूमिका।*

*हमे गर्व है बाऊजी के द्वारा लावारिश, अनाथ एवम असहाय मासूम हजारों लड़कियों के पूर्णवास हेतु किए इस अनूठे सेवा कार्य पर।*

***ससुराल वाले बोले- सगाई धूमधाम से तो शादी तो और अच्छी होगी***

*सूरसागर निवासी जितेंद्र की कजन बहन पूजा ललित राठी ने कहा कि यह पहला संस्थान है जो बेटियों का पालन पोषण कर इतनी धूमधाम से स्टेज लगवाकर सगाई करवा रहा है। उस दिन का इंतजार है जब इनकी शादी होगी। सगाई में इतना अच्छा समारोह किया तो शादी भी बड़े ही धूमधाम से होगी।*



## पांच बेटियों को मिला नया परिवार शादी की तैयारियां शुरू

नवजीवन संस्थान के संचालक राजेंद्र परिहार ने बताया कि बेटियों की सगाई की रस्म धूमधाम से की गई। 1 दिसंबर को बेटियों की शादी होगी। तोहफे के रूप में पूरे घर का सामान दिया जाएगा। तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्थान की बेटी मूकबधिर अंकिता की सगाई सांचौर के खेमराज, अंजू की सगाई 9 मील निवासी सुमित मनिहार, रानी की सगाई सूरसागर बायपास निवासी जितेंद्र राठी, आरती की सगाई कालूरामजी की बावड़ी निवासी पंकज राठी, तनु की सगाई सूरसागर लक्ष्मण घाटी निवासी संदीप राठी से हुई।

## पूरे रीति-रिवाज से करवाई सगाई

परिहार ने बताया कि पांचों बेटियों के परिवार के 10-10 लोगों को आयोजन में बुलाया गया। पूरे रीति-रिवाज से सगाई की रस्में की गई। बेटी के घराती होने के चलते भगवान के नेग, देवताओं के कपड़े, माता-पिता के कपड़े, बच्चों के कपड़े सहित अनेक उपहार ससुराल वालों को दिए गए। बेटियों को स्टेज पर बिठाने के साथ पुष्प वर्षा की गई। पांचों बेटियों को एक जैसी पारंपरिक बरी पहनाई गई।

## घराती - बराती की मिलनी करवाई, जोड़ों का मुंह मीठा करवाया

पांचों बेटियों के ससुराल वालों ने लाड़-प्यार से अपनी होने वाली बहुओं का स्वागत किया। सभी बाराती सज-धजकर संस्थान में पहुंचे और बेटे-बहुओं की रिंग सेरेमनी में सोने की अंगूठी और बेटियों को सोने की चेन और पायजेब भी पहनाई। वहीं फल-फ्रूट, टॉफी, फोटो और नोट लगे तोहफे, कपड़े, मिठाइयां, ड्राई फ्रूट सहित अनेक उपहार पूरे ठाठ-बाट के साथ दिए गए। इतना लाड़-प्यार देखकर बेटियों की आंखें खुशी से छलक आई। सगाई की रस्म से पहले परिवार के बड़ों के साथ घराती- बाराती की मिलनी करवाई गई। घरातियों ने बारातियों को केसरिया साफा पहनाकर रस्म की शुरुआत करवाई। नव जोड़ों को मोली बांधने के साथ कुंकुम का तिलक लगाकर और गुड़ से मुंह मीठा करवाया गया। पहले दूल्हे को चांदी की अंगूठियां और घड़ी भी पहनाई गई।

---

विश्व बेटी दिवस पर नवजीवन संस्थान में 5 बेटियों की सगाई हुई। इन बेटियों को सोने-चांदी के तोहफे भी लाड़-प्यार से उनके ससुराल वालों ने दिए। दो बेटियों के ससुर सूरसागर निवासी दाऊलाल राठी और शालिगराम ने कहा कि आजकल बेटियां मिलती कहां है? पैसों से भी ढंग की बहुएं नहीं मिल पातीं और मिल भी जाए तो धोखाधड़ी जैसे कारनामे कर निकल जाती है। परिचितों से पता चला कि संस्थान में ऐसी बेटियां है जो शादी के लायक है। संपर्क किया तो संचालक परिहार ने पूरी तहकीकात के बाद रिश्ता जोड़ने का फैसला किया। राठी ने बताया कि सगाई की बात पक्की हुई तो संचालक से दहेज लेने के लिए मना किया और कहा कि हमें तो सिर्फ बेटी के रूप में अच्छी बहू मिल जाए हमारे लिए इतना ही काफी है।

**ससुराल वाले बोले- सगाई धूमधाम से तो शादी तो और अच्छी होगी**

सूरसागर निवासी जितेंद्र की कजन बहन पूजा ललित राठी ने कहा कि यह पहला संस्थान है जो बेटियों का पालन पोषण कर इतनी धूमधाम से स्टेज लगवाकर सगाई करवा रहा है। उस दिन का इंतजार है जब इनकी शादी होगी। सगाई में इतना अच्छा समारोह किया तो शादी भी बड़े ही धूमधाम से होगी।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर

श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेन्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर

श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर सरपंच
श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लारामगहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्‌डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल(ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पुनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, फलोदी
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबुलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर



## हर्षिता परिहार

**CA सुश्री हर्षिका परिहार की ऑल इंडिया में 37वी रैंक**

द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंट ऑफ इंडिया के परीक्षा परिणाम 2023 में हमारे परिवार की लाडली सी.ए. हर्षिका परिहार (सुपुत्री श्री अविनेश - श्रीमती मीनाक्षी परिहार) के ऑल इंडिया में 37वी रैंक लाकर परिवार और समाज के साथ जोधपुर का मान बढ़ाया है

सी.ए. हर्षिका की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई अभिनंदन।



## पल्लवी सैनी

पल्लवी सैनी पुत्री सुनिल सैनी की पुत्री को मुंबई में दादा साहेब फाल्के इंडियन टेलीविजन अवॉर्ड As a Makeup Artist मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# सुनिल स्ट्रॉगमैन व अनिता स्ट्रॉगवुमन बने



जोधपुर। पॉवरलिफ्टिंग संघ जोधपुर के तत्वावधान में 42वीं जिला स्तरीय सीनियर महिला व पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता चांदपोल के बाहर विद्याशाला जूनियर फील्ड में आयोजित की गई। पुरुष पुरुष वर्ग में सुनिल गुजराती को स्ट्रॉगमैन व महिला वर्ग में अनिता मिश्रा को स्ट्रॉगवुमन घोषित किया गया। वहीं, अंकित सांखला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 1- स्क्वेड में 325 कि.ग्रा. (रिकॉर्ड लिफ्ट), 2- बेंच प्रेस में 200 कि.ग्रा. (रिकॉर्ड लिफ्ट) तथा 3-डेड लिफ्ट में 260 कि.ग्रा. सहित कुल लिफ्ट में 785 किग्रा. की रिकॉर्ड लिफ्ट के साथ वजन उठाकर जोधपुर पॉवरलिफ्टिंग खेल के इतिहास में तीन नये कीर्तिमान बनाए। संघ सचिव मनोहरसिंह सांखला ने बताया कि मुख्य अतिथि सूरसागर थानाधिकारी गौतम डोटासरा, समाजसेवी रामेश्वर देवड़ा, भाणू सांखला तथा मयंक देवड़ा ने प्रतियोगिता के विजेता. खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।



## कैलाश टाक ने अध्यक्ष बनते ही 1.11 लाख रूपये का सहयोग दिया


**पीपाड़।** कैलाश टाक को सावित्रीबाई फुले सेवा संस्थान पीपाड़ शहर के आम सभा में सर्व सहमति से अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत हार्दिक बधाई आपने आज अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होते ही संस्थान को एक लाख ग्यारह हजार की राशि दान की गई व धन संग्रहण में खर्च की राशि अपने द्वारा वहन करने का आश्वासन दिया वह इमरजेंसी में जरूरत पड़ने पर 20 लाख तक की राशि बिना ब्याज संस्थान को देने की घोषणा की

श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा( चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री( इंजि. )तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्धाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडंनू
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र कच्छवाहा,भीलवाड़ा
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, जोधपुर
श्री रविन्द्र सिंह परिहार, नागौर मोटर्स, नागौर
श्री अर्जुन सिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह कच्छवाह, पीपाड़
श्री कुशाल कच्छवाह, के. के. फिलिंग स्टेशन, जोधपुर
श्री राहूल (राजा) पुत्र श्री जगदीश सांखला, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र स्व. श्री पुरूषोत्तम गहलोत, जोधपुर
श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री नारायण राम सोलंकी, बिलाड़ा
श्री इंद्र सिंह टाक (अध्यक्ष, ठेकेदार संघ,जोधपुर PWD)
श्री मुरलीधर सैनी, सुरजमल विनयकुमार, सरदार शहर
श्री हिमांशु पुत्र श्री जब्बरसिंह परिहार, राम सागर, जोधपुर
श्री पूनमसिंह पुत्र श्री पूरखाराम गहलोत, खेमें का कुंआ, जोधपुर
श्री सुभाष पुत्र श्री मूलाराम देवड़ा, सुरपूरा, मण्डोर, जोधपुर
श्री नितिन सांखला पुत्र श्री जगदीश चंद्र नागदा, धार, म. प्रदेश
श्री ताराचंद पुत्र श्री नखतमल माली, मण्ड़ोर, जोधपुर
श्री गुमानसिंह पुत्र श्री भीखाराम सांखला, सालावास, जोधपुर

www.malisaini.org


# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ? क्योंकि, हमारे पास है सेकड़ों एन.आर. आई. सहित 5 हजार पाठकों का विशाल परिवार

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

दिनांक ________

### सदस्यता फॉर्म

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गों में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

नाम/संस्था का नाम ________

पता ________

फोन/मोबाईल ________ ई-मेल ________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ________ पिनकोड ________

राशि (रूपये) ________ बैंक का नाम ________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ________ हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

INNER COLOR

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01
मो. 77379 54550 ( कार्यालय )

## माली (सैनी) समाज (कर्नाटक) बेंगलुरु का

# दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की झलकियां












# डॉक्टर दम्पती जो गरीबों के इलाज के लिए चलाते स्ट्रीट क्लीनिक

## हर साल 10 हजार मरीज देखने का है लक्ष्य

जयपुर। अक्सर डॉक्टर्स के यहां लंबी लाइन देखकर लोग अनुमान लगाते हैं कि वे कितना व्यस्त रहते हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी डॉक्टर हैं जो समाज को अलग से कुछ देने के लिए समय निकाल लेते हैं। ऐसे ही एक डॉक्टर दंपती हैं जयपुर के डॉ. श्रवण सैनी और डॉ. रिंकू सैनी वे पिछले 20 वर्षों से निजी प्रेक्टिस नहीं करते हैं। वे अपने निजी प्रेक्टिस वाले समय में यानी शाम को गरीब बस्तियों में जाकर वहां के लोगों का नि:शुल्क इलाज करते हैं।



**चलाते हैं स्ट्रीट क्लीनिक :** पेशे से सोनोलॉजिस्ट डॉ. श्रवण सैनी एक प्राइवेट हॉस्पिटल समूह से जुड़े हुए हैं जबकि डॉ. रिंकू सैनी जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल में बच्चों की डॉक्टर है। हाल ही उन्होंने अमरीका से बच्चों में समेटोलॉजी की ट्रेनिंग ली हैं। ये दंपती जयपुर से पहले दिल्ली में रहता था। जहां वे रहते थे। वहां आसपास की गरीब बस्तियों में जाकर स्ट्रीट क्लीनिकल चलाते थे। डॉ. सैनी मूलरूप से लोसल (सीकर) के रहने वाले हैं।

**3 स्ट्रीट क्लीनिक :** इनके जयपुर में तीन स्ट्रीट क्लीनिक गुर्जर की थड़ी, झालाना कच्ची बस्ती और जगतपुरा कच्ची बस्ती में चल रहे हैं। यहां डॉ. श्रवण और डॉ. रिंकू अलग-अलग दिनों में जाकर मरीजों को देखते है। हर रोज करीब 20-25 मरीज देखते हैं। इसमें कई बार इनके डॉक्टर्स दोस्त भी मदद करते हैं। तब अधिक मरीजों को लाभ मिलता है। यह प्रैक्टिस डॉ. श्रवण वर्ष 2004 से करते आ रहे हैं। हर वर्ष करीब 10-12 हजार मरीजों को इलाज देने का लक्ष्य बनाया है। ये दंपती अब तक एक लाख से अधिक मरीजों को निशुल्क देख चुके है।

**बच्चों को भी करते हैं सेहत के लिए जागरूक :** डॉ. श्रवण कहते हैं कि स्ट्रीट क्लीनिक के साथ ही हर वर्ष करीब 250-300 टीनएजर्स बच्चों को हैल्थ अवयेरनेस प्रोग्राम से भी जोड़ते हैं। उन्हें पूरे साल मौसमी और संक्रामक बीमारियों के बारे में जागरूक करते हैं। अभी बरसात है तो डेंगू, मलेरिया आदि मच्छरजनित बीमारियों के बारे में बता रहे हैं। इसी तरह गर्मी में हीट स्ट्रोक आदि के बारे में जागरूक करते हैं। इन्हें अपनी संस्था सेव किड्स ट्रस्ट से भी मदद देते हैं।

**माहवारी और एनीमिया से जुड़े कार्यक्रम चलाते :** कच्ची बस्तियों में रहने वाली महिलाओं और लड़कियों को जागरूक करने का काम डॉ. रिंकू सैनी करती है। वे हर माह वहां की महिलाओं के साथ एक बार मीटिंग करती हैं उन्हें माहवारी, सेनेटरी पैड के बारे में जानकारी देती हैं। पिछले साल एनीमिया के लिए 600 महिलाओं का ब्लड टेस्ट करवा चुकी है। आने वाले दिनों में मैटरनल हैल्थ को लेकर भी जागरूक करने की इनकी योजना है। इसमें महिलाओं की नि:शुल्क जांचें भी करवाई जाएंगी।

प्रेषण तिथि : 29/30 सितम्बर, 2023
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 29 सितम्बर, 2023
Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर




स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR